# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत

## पत्नी गंभीर घायल, तीनों रिश्तेदार के जनाजे में शामिल होने जा रहे थे



**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 8 दिसंबर. बदहाल सड़क के कारण सोमवार को एक मिनी ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें बेहोशी की हालत में भोपाल रेफर किया है. हादसा बेगमगंज में भोपाल रोड पर सुधा सागर दाल मिल के पास हुआ.**

एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार की सुबह ग्राम वीरपुर निवासी अलीम मंसूरी (60) पिता छम्मा खां मंसूरी अपनी बाइक से पत्नी अनवरी बी. (50) एवं मां घूरन बी. (75) को लेकर ग्राम बेरखेड़ी जोरावर अपने रिश्तेदार रमजानी मंसूरी का देहांत होने पर उनके जनाजे में शामिल होने जा रहे थे, तभी सुधासागर दाल मिल के पास तेज रफ्तार मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 38 जी 0546 ने सामने से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. दुर्घटना में बाइक सवार अलीम मंसूरी की मौत हो गई एवं उनकी मां घूरन बी ने भोपाल ले जाते समय रास्ते में गैरतगंज के पास निजी वाहन में दम तोड़ दिया. उनकी पत्नी अनवरी व उनकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं, जिन्हें सिविल अस्पताल लाया गया था, दोनों की स्थिति चिंताजनक होने पर एम्बुलेंस नहीं मिलने पर, उन्हें एक निजी जीप से भोपाल रेफर किया गया था.

> थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया दुर्घटना भोपाल रोड पर नगर के सुधा सागर दाल मिल्स के पास मिनी ट्रक चालक ने बाइक को सामने से सीधी टक्कर मार दी. दुर्घटना में मां- बेटे की मौत हो गई है, जबकि मृतक अलीम की पत्नी की भी स्थिति चिंताजनक है. ट्रक में लोहे की सामग्री भरी हुई है, जो भोपाल तरफ से आ रहा था. मिनी ट्रक जब्त कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है.

# बेगमगंज में जिला स्तरीय युवा संगम मेला आज

**बेगमगंज, 8 दिसंबर.** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 9 दिसम्बर को जनपद पंचायत बेगमगंज में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है. जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 09 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक आयोजित किया गया है. इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी.



# पुल के चारों तरफ गहरे गड्ढे हो सकता है बड़ हादसा

▸ **विभाग की अनदेखी से हो सकता है बड़ा हादसा**

**नवभारत न्यूज**
**बम्होरी, 8 दिसंबर. बम्होरी से सिलवानी मार्ग के ग्राम गुंडरई पर गजंदा नदी पर बने पुल की एप्रोच रोड धसक रही है. पुल के चारों कोनों की साइड में गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिसमें कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. लेकिन संबंधित विभाग को इसकी चिंता ही नहीं है.**

इस मार्ग पर रोजाना सैकड़ों ग्रामीणों और वाहनों का आवागमन होता है. बड़े वाहनों की आवाजाही के कारण लोगों को सड़क किनारे चलने को मजबूर होना पड़ता है, जिससे गड्ढों के कारण बड़ी दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है. स्थानीय निवासी सूरज पटेल और रवि लोधी ने बताया कि पुल के पास गहरे गड्ढे हो गए हैं, जो रात्रि में दिखाई तक नहीं देते यह गड्ढे कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है सड़क एमपीआरडीसी से बनी इसी विभाग की देखरख में है, लेकिन विभाग ने पुल के पास सड़क की मरम्मत नहीं की.

### उच्च अधिकारियों से की शिकायत

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहा है. समय पर मरम्मत न होने से सड़क की स्थिति दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है. जिला पंचायत सदस्य अध्यक्ष लोकेश मिश्रा के अनुसार, इस समस्या की शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई गई है और शीघ्र समाधान की आशा जताई जा रही है. यदि तत्काल मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो भारी वाहनों के आवागमन से पुल को और अधिक नुकसान हो सकता है.

## एक नजर में



### बीना नदी के बेरखेड़ी घाट पर दिखा मगरमच्छ

**बेगमगंज.** बीना नदी पर बिना बहुउद्देशीय परियोजना के तहत मड़िया डेम बनाया गया है. डेम बनने के कारण से पूरी नदी में दूर-दूर तक जलभराव हो गया है. बीना नदी में कहीं से अचानक एक मगरमच्छ आ जाने से हड़कंप मच गया. बीना नदी के बेरखेड़ी घाट पर पुल के ऊपर पानी होने से पुल जलमग्न है. घाट पर मछली पकड़ने गए लोगों ने एक बड़ा मगरमच्छ तैरता हुआ देखा और उसका वीडियो बनाकर शोसल मीडिया पर वायरल कर दिया है. मगरमच्छ की जानकारी लगते ही लोगों में हड़कंप मच गया है. क्योंकि कई लोग आसपास के गांव सहित शहर के लोग बिना नदी पर प्रतिदिन नहाने एवं मछली पकड़ने भी जाते हैं. प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा मगरमच्छ मिलने की जानकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी अरविंद अहिरवार को दी गई है, जो वीडियो की सत्यता की जांच के साथ ही मगरमच्छ होने की जानकारी जुटा रहे हैं. उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है. नदी पर नहाने और मछली पकड़ने वालों को अब नहीं जाना चाहिए.

### आरबीएसके योजना से बालक का हुआ ऑपरेशन



**बेगमगंज.** बेगमगंज में आरबीएसके योजना सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही है, जिसके चलते दर्जनों बच्चों को योजना का निशुल्क लाभ वरदान के रूप में मिल चुका है गरीब परिवार शासन की इस योजना की तारीफ करते हुए नहीं थकते. हाल ही में ताजा मामला सामने आया है जिसमें शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक एक निवासी शकील कुरैशी का 1 वर्षीय बेटे का तालु कटा हुआ था. जब इसकी जानकारी आरबीएसके के डॉक्टर बबलू साहू को लगी तो उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी सीबीएमओ डॉ नितिन तोमर को देते हुए बालक का प्रकरण बनाकर भेजा स्वीकृति उपरांत बच्चे को भोपाल के लोहाटी अस्पताल ऑपरेशन हेतु भेजा गया जहां डॉक्टरों के अथक प्रयास से 1 साल के बच्चे के कटे तालु का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया अब बच्चा पूर्णता स्वस्थ है. परिजनों ने इस योजना का लाभ मिलने पर शासन और स्थानीय डॉक्टरों का भी आभार व्यक्त किया है.

### नपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



**बेगमगंज.** नगर पालिका परिषद शहर विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और प्रत्येक वार्ड में कोई ना कोई निर्माण कार्य बराबर चल रहा है इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी द्वारा पार्षद गुलाब रजक के साथ वार्ड क्रमांक 13 दिग्विजय कालोनी में भैरो साहू के मकान से मुन्नालाल शाक्य के मकान तक सीसी रोड नो लाख सनतानवे हजार नौ सौ चौबीस रुपए लागत से तैयार कराने के लिए भूमि पूजन किया. वहीं इसी वार्ड में पाराशर के मकान से वीरू पंथी के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण का भी भूमि पूजन किया जिसकी लागत तीन लाख सात हजार तीन सो सत्तर रुपए है. वहीं इसी वार्ड में विनोद कुमार के मकान से खेमचंद के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण लागत चार लाख पचयासी हजार सात हो छियासी रुपए का भी भूमि पूजन किया गया. जिस वार्ड में खुशी की लहर दौड़ गई वार्ड वासियों ने निर्माण कार्य पर खुशी जाहिर करते हुए नपा अध्यक्ष को आशीर्वाद प्रदान किया.

# बाइक सवार को बचाने में यात्री बस खेत में उतरी

## भोपाल-सागर मार्ग पर बेरखेड़ी तिराहे पर हुआ हादसा, कोई हताहत नहीं



**बेगमगंज, 8 दिसंबर. सोमवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई, जब सागर-भोपाल मार्ग पर बेरखेड़ी तिराहे के पास एक यात्री बस बाइक सवार को बचाने के प्रयास में सड़क छोड़कर सीधे खेत में उतर गई. बस के खेत में फंस जाने से जहां यात्रियों में दहशत फैल गई, वहीं चालक की सूझबूझ से सभी सवारियों की जान बच गई और कोई भी घायल नहीं हुआ.**

जानकारी के अनुसार, ग्यारसपुर मार्ग पर बीना नदी के बेरखेड़ी घाट में पानी भरने के कारण वैकल्पिक रास्ते से वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है. इसी दौरान एक किसान बिना साइड देखे अचानक तेज रफ्तार में मुख्य सड़क पर मुड़ गया. पीछे से आ रही यात्री बस चालक ने बाइक सवार को बचाने के लिए तुरंत स्टेयरिंग मोड़ा और बस को सड़क से नीचे खेत की ओर उतार दिया. घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बस पलटने से कुछ ही कदम दूर थी. अगर बस जरा भी असंतुलित होती, तो बड़ा हादसा हो सकता था. स्थानीय ग्रामीणों ने बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला.

> घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया. बाइक चालकों से अपील की जा रही है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें, सड़क पर मुड़ने से पहले पीछे अवश्य देखें-ताकि खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों की जान भी खतरे में न पड़े.



# दो घंटे तक ट्रैक के बीच में पड़ा रहा शव

**ट्रेन की चपेट में आने से कक्षा 8 वीं के छात्र की मौत**

**सलामतपुर, 8 दिसंबर. सोमवार को सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मानवता को शर्मसार करने वाला घटनाक्रम देखने को मिला, जहां एक 16 वर्षीय आठवीं कक्षा के छात्र की दोपहर लगभग 1 बजे ट्रेन से कटकर मौत हो गई. लेकिन उसका शव 3 बजे तक लगभग दो घंटे तक रेलवे लाइनों के बीच में पड़ा रहा है और उसके ऊपर से कई ट्रेनें गुज़रती रहीं.**

मगर ज़िम्मेदार जीआरपी अधिकारी मौके पर नही पहुंचे. सलामतपुर थाने की चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र का शव पटरियों के बीच से हटाया, लेकिन शाम 6 बजे तक भी भोपाल जीआरपी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची थी, सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि सोमवार दोपहर स्टेशन ने सूचना दी कि खेमखेड़ी के पास रेलवे ट्रैक पर किसी छात्र की मेमू ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है. चुकीं क्षेत्र जीआरपी थाने में आता है. इसलिए कार्रवाई भी वही करेंगे. लेकिन फिर भी हमने पुलिस बल को मौके पर भेजकर छात्र के शव को पटरियों के बीच से हटवाया. मृतक छात्र की पहचान जयेश लोधी पिता राजेश लोधी उम्र 16 वर्ष निवासी खेमखेड़ी के रूप में हुई है.

### स्टेशन पर नहीं रहते आरपीएफ, जीआरपी के जवान

सलामतपुर, दीवानगंज, सांची सहित आसपास क्षेत्र के स्टेशनों पर रेलवे पुलिस के आरपीएफ या जीआरपी के जवान मौजूद नहीं रहते हैं. जबकि यह स्टेशन दिल्ली मुंबई मेन रेलवे ट्रैक के बीच में पड़ने वाला स्टेशन है. यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. जब कभी कोई ट्रेन से कट जाए या आत्महत्या कर ले. उस समय भी रेलवे पुलिस भोपाल या विदिशा से मौके पर आती है. जिसमें काफी समय लग जाता है. और इतने समय तक शव रेलवे लाइनों पर ही पड़ा रहता है.

# 147 की आंखों की जांच, 49 के होंगे ऑपरेशन

▸ **सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित**





**सिलवानी, 8 दिसंबर. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिलवानी में 8 दिसंबर 2025, सोमवार को एक नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया.**

यह शिविर जिला अंधत्व निवारण समिति, आर.पी. फाउंडेशन भोपाल और राहत समर्पण सेवा समिति सिलवानी के सहयोग से, पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर भोपाल के सौजन्य से आयोजित किया गया. शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एस. पटेल (सिलवानी), नेत्र चिकित्सा सहायक नवल किशोर (सिलवानी), लोकेश साहू (अध्यक्ष प्रभारी राहत समर्पण सेवा समिति सिलवानी), और पीपुल्स हॉस्पिटल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति मजमुदार, जनसंपर्क चिकित्सा अधिकारी संजय मुड़िया और अनस खान की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई.

> इस शिविर में कुल 147 मरीजों की नेत्र जांच की गई, जिनमें से 49 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया. सभी मरीजों को नि:शुल्क बस सेवा द्वारा पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर भोपाल भेजा गया, जहां उनका ऑपरेशन किया जाएगा.

# जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने दिया प्रशिक्षण

## दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान





**रायसेन, 8 दिसंबर. रायसेन स्थित शासकीय पशु चिकित्सा एवं डेयरी विकास कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर विश्वकर्मा ने पशु चिकित्सकों, सहायक पशु चिकित्सकों तथा गौ-मित्रों से कहा कि जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए जरूरी है कि पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, अधिक दूध देने वाली गाय-भैंस की नस्लों की जानकारी, उनके पोषण और टीकाकरण आदि की समुचित जानकारी हो.**

इसके लिए सभी आज यहां दिए जा रहे प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से प्राप्त करें तथा कोई संशय या जिज्ञासा हो तो उसका समाधान प्राप्त करें. प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सभी गांवों में जाकर पशुपालकों से गृह भेंट करेंगे तथा उन्हें पशु स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के उपायों के बारे में जानकारी देंगे. प्रशिक्षण का उद्देश्य पशुपालकों तक उन्नत नस्ल, पोषक आहार आदि के साथ ही नवीनतम जानकारी और सेवाएं पहुंचाकर उनकी आय को दोगुना करना है. प्रशिक्षण में उप संचालक शुक्ला द्वारा पशुओं की देखरेख, उनके स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु पशुओं को दिए जाने वाले पोषण आहार आदि के बारे में विस्तार से बताया गया.

# सिलवानी पुलिस ने जब्त की 45 क्वाटर मदिरा

**सिलवानी.** थाना प्रभारी सिलवानी पूनम सविता एवं चौकी प्रभारी जैथारी उनि सुनील भदौरिया द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 45 क्वाटर देशी मसाला मदिरा कीमत 4500 रुपये जब्त की गई. थाना सिलवानी पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा लगातार जैथारी क्षेत्र में अवैध शराब की सूचना पर दबिश की कार्यवाही की जा रही है और अवैध शराब बेचने व बनाने वालों पर लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की गई है ताकी गांव में कोई शराब लाकर न बेच सके.

**सशस्त्र सेना सप्ताह** ▸ सैनिकों के कल्याण के लिए राशि संग्रहित की

# कलेक्टर सहित जिला अधिकारियों को लगाए ध्वज





**रायसेन, 8 दिसंबर. जिले में दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक मनाए जा रहे सशस्त्र सेना सप्ताह के तहत सोमवार को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा तथा जिला अधिकारियों को सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी द्वारा ध्वज लगाकर स्वैच्छिक दान राशि संग्रहित की गई.**

उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के ऐसे जवान जो देश की रक्षा, राज्य की सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा के दौरान एवं प्राकृतिक आपदाओं में कर्तव्य पालन करते समय वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं, उनका स्मरण करने, सम्मान देने और देश के नागरिकों का अपने सैनिकों के प्रति एकजुटता प्रकट करने के लिए देश में प्रतिवर्ष 07 दिसम्बर का दिन सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के रूप में मनाया जाता है. देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए जवानों के परिवारों के कल्याण, विधवा एवं दिव्यांगों की आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करने के लिए ध्वज वितरित कर धनराशि एकत्रित की जाती है. कलेक्टर ने आमजन से भी सशस्त्र सेना झण्डा निधि में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस, प्रति वर्ष हमें ऐसा स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है जब हम भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग देकर सेना की त्याग और सेवा की उत्कृष्ट परम्परा के सहयोगी बनने के लिए गौरव का अनुभव कर सकते हैं. झण्डा दिवस निधि में दान हेतु राशि चैक या बैंक ड्राफ्ट के जरिये ''जिला सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि'' भोपाल के नाम से बनवाकर अथवा कलेक्टर कार्यालय रायसेन में स्थापित सीसीबी की बैंक ब्रांच में संधारित खाता क्रमांक 165003040798 आईएफएससी कोड CBINOMPDCAY में राशि जमा कराई जा सकती है.

> उल्लेखनीय है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य भारतीय शस्त्र सेनाओं के जो जवान देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैं उनका पुण्य स्मरण करना तथा सैनिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के लिए धनराशि एकत्र करना हैं. इस धनराशि का उपयोग शहीद सैनिकों के आश्रित परिजनों, विकलांग सैनिक, भूतपूर्व सैनिकों को उपचार, छात्रवृत्ति, स्वरोजगार एवं अन्य तरह से आर्थिक सहायता के लिए किया जाता है.

# क्षत्रिय रघुवंशी महापरिषद ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

## राजा का नाम एफआईआर से हटाने, टीआई पूनम सविता पर कार्रवाई की मांग

**रायसेन, 8 दिसंबर. सिलवानी अखिल भारतीय अखंड क्षत्रिय रघुवंशी महापरिषद ने सिलवानी थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को पुलिस अधीक्षक रायसेन एसपी आशुतोष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा. समाज ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी ने बिना जांच और फरियादी से कथित रूप से मोटी रकम लेकर अध्ययनरत छात्र राजा रघुवंशी का नाम एफआईआर में दर्ज कर दिया है जबकि घटना से छात्र का कोई संबंध नहीं है.**

समाज द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि 17 नवंबर 2025 को फरियादी भास्कर यादव द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट एफआईआर क्रमांक 0407) में छात्र राजा रघुवंशी को द्वेषवश तथा आर्थिक लेनदेन के आधार पर शामिल कराया गया है. ज्ञापन में बताया गया कि घटना के समय राजा रघुवंशी मौके पर मौजूद नहीं था, बल्कि सिलवानी वार्ड 04, मां शारदा स्कूल के पास अपने मामा के घर पर था जिसकी पुष्टि घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज से की जा सकती है. रघुवंशी समाज का आरोप है कि थाना प्रभारी छात्र राजा को धमकी दे रही हैं और जमानत नहीं कराने पर कठोर कार्रवाई करने की बात कह रही हैं, जिससे छात्र मानसिक रूप से परेशान है.

> ऐसे में राजा रघुवंशी के साथ कोई भी अप्रिय घटना होती है तो उसकी जिम्मेदार थाना प्रभारी की होगी. यदि घटना की जांच कर छात्र का नाम एफआईआर से विलोपित नहीं किया गया तो जिले और प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन धरना प्रदर्शन रघुवंशी समाज द्वारा किया जायेगा. ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष सहित रघुवंशी समाज के प्रतिनिधि-रामकुमार रघुवंशी सतेंद्र रघुवंशी, रोहित रघुवंशी, नीलेश, नीरज रघु, सौरभ विक्रम रघुवंशी राजेंद्र रघु एवं राजीव सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे.